दिनांक 17 जुलाई 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

मास्क पर भिलाई निगम का कार्रवाई अभियान आज से तेज

-बिना मास्क लगाए घर से निकलने वालों पर निगम ने लगाया जुर्माना , 61 लोगों से 5970 रुपए वसूला गया अर्थदंड

- कोरोनावायरस के संक्रमण से बचाव के लिए मास्क लगाना है जरूरी

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई ने तीसरी लहर की संभावना को देखते हुए मास्क पर कार्रवाई अभियान आज से तेज कर दिया है! आज कई लोगों के विरुद्ध मास्क नहीं लगाने को लेकर पूरे शहर में कार्यवाही करते हुए ऐसे लोगों से जुर्माना वसूल किया गया! कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए घर से बाहर निकलने वाले सभी व्यक्तियों को मास्क लगाना अनिवार्य है। नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों के खिलाफ कलेक्टर एवं भिलाई निगम के प्रशासक डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे एवं निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने नियमित रूप से कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। निगम के सभी जोन के स्वास्थ्य व राजस्व विभाग की टीम ने सार्वजनिक स्थान पर मास्क या अन्य तरीके से मुंह को कवर किए बिना निकलने वाले व्यक्तियों पर अर्थदंड की कार्यवाही की। निगम की टीम बाजार क्षेत्र, दुकानों एवं सार्वजनिक स्थलों एवं प्रमुख चौक-चौराहो का निरीक्षण करते हुए नियमों की अवहेलना करने वालों पर कार्यवाही कर रहे है। लोगों के अधिक आवागमन वाले चौक चौराहो पर नजर रखते हुए बिना मास्क लगाए हुए निकलने वाले लोगों पर कार्यवाही की जा रही है। आज निगम के विभिन्न क्षेत्रों में 61 लोगों से मास्क नहीं पहनने को लेकर 5970 रुपए अर्थदंड वसूला गया। निगम प्रशासन आम जन से अपील करती है कि चेहरे पर मास्क लगाकर ही घरों से निकले और अधिक भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाने से बचे। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव हेतु घर के बाहर निकलने पर मास्क पहनना अनिवार्य है , लेकिन बहुत से लोग नियमों को ताक पर रखकर बिना मास्क के घर से बाहर निकलने के साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर जा रहे है ऐसे में संक्रमण एक दूसरे में फैलने की संभावना बढ़ जाती है। कोरोना वायरस से बचाव हेतु निगम के जोन कार्यालयों की टीम निगम क्षेत्र के प्रमुख स्थलों पर जहां पर अधिक से अधिक लोगों का आवागमन या जमवाड़ा होता है ऐसे स्थानों पर भी कार्यवाही कर रही हैं। ज्यादा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सख्ती से नजर रखी जा रही है!

शिवाजी नगर जोन क्षेत्र में हुई सबसे ज्यादा करवाई, 25 लोगों से वसूला गया अर्थदंड मास्क नहीं लगाने के कारण जोन क्रं.01 नेहरू नगर क्षेत्र में 11 लोगों से 1080, जोन क्रं. 02 वैशालीनगर में 17 लोगों से 1700, जोन क्रं. 03 मदरटेरेसा नगर क्षेत्र में 08 लोगों से 800, जोन क्रं. 04 शिवाजी नगर क्षेत्र में 25 लोगों से 2390 रूपए अर्थदंड वसूल किया गया। इस प्रकार आज अलग-अलग क्षेत्रों में 61 लोगों से 5970 रुपए जुर्माना वसूल किया गया! निगम उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने कहा कि आगे भी इसी प्रकार से बिना मास्क लगाकर निकलने वालों पर कार्रवाई जारी रहेगी!

जनसम्पर्क अधिकारी